# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026


## अमेरिका-चीन व्यापार समझौता फाइनल, अब भारत के साथ डील की बारी : ट्रंप ।


Publisher

Published on 28 Jun 2025




# रेयर अर्थ मैग्नेट्स की आपूर्ति पर बनी सहमति, अमेरिका हटाएगा प्रतिबंध ; ट्रंप बोले- अब भारत के साथ व्यापार समझौते की तैयारी ।

**अमेरिका-चीन व्यापार समझौता :** अमेरिकी राष्ट्रपति **डोनाल्ड ट्रंप** ने गुरुवार रात ऐलान किया कि **अमेरिका और चीन** के बीच बहुप्रतीक्षित **व्यापार समझौते (Trade Deal)** पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। इसके बाद अब दुनिया की नजरें **अमेरिका और भारत के बीच संभावित ट्रेड डील** पर टिकी हैं। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अब भारत के साथ भी जल्द ही व्यापार समझौता हो सकता है।

**अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक** ने भी ब्लूमबर्ग टीवी को दिए इंटरव्यू में पुष्टि की कि इस हफ्ते की शुरुआत में दोनों देशों के बीच समझौता हुआ है। हालांकि दोनों नेताओं ने डील की पूरी जानकारी साझा नहीं की है।

### जेनेवा मे हुंई थी अहम बैठक

दोनों देशों के बीच यह करार 11 **जून को जेनेवा** में हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद संभव हो सका। इस बैठक में अमेरिका की ओर से **ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट** और **व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर** ने भाग लिया, जबकि **चीन का प्रतिनिधित्व उप प्रधानमंत्री लाइफेंग** ने किया।

### क्या है समझौते का मुख्य बिंदु ?

इस समझौते के तहत **चीन अमेरिका को रेयर अर्थ मैग्नेट्स (Rare Earth Magnets)** और अन्य **दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति** करेगा। इसके बदले में **अमेरिका चीनी छात्रों** को अपनी **यूनिवर्सिटीज** में पढ़ने की अनुमति देगा और कुछ प्रतिबंधों को हटाएगा।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अब अमेरिका चीन से आयात होने वाले सामानों पर **55% टैक्स** लगाएगा, जबकि चीन अमेरिका से आने वाले उत्पादों पर सिर्फ **10% टैक्स** वसूलेगा।

### भारत के साथ डील की तैयारी

**व्हाइट हाउस** में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने कहा, "हमने चीन के साथ डील साइन कर ली है, अब भारत के साथ भी व्यापार समझौते पर बातचीत जल्द शुरू होने वाली है।"

### चीन की भी आधिकारिक पुष्टि

**चीन के वाणिज्य मंत्रालय** ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि दोनों पक्षों ने समझौते की रूपरेखा पर सहमति बना ली है। हालांकि चीन की ओर से रेयर अर्थ मैग्नेट्स की सप्लाई को लेकर कोई स्पष्ट बयान नहीं आया है।

बयान में यह जरूर कहा गया कि, "चीन कानून के अनुसार नियंत्रित वस्तुओं के निर्यात को मंजूरी देगा और अमेरिका चीन पर लगाए गए कुछ प्रतिबंधों को वापस लेगा।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.